

संतों ने किया ऐलान, मंदिर अभी बनाएंगे
देखें अंदर

NBT
संडे नवभारत टाइम्स

पहला टी-20 आज
भारत Vs वेस्टइंडीज
कोलकाता, शाम 7 बजे से
टेलिकास्ट स्टार नेटवर्क पर

जनवरी में होगा एयरपोर्ट का शिलान्यास!

■ **महकार भाटी, ग्रेटर नोएडा :** जेवर में बनने वाले एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहण के लिए शासन ने शनिवार को 6 गांवों की जमीन का धारा-11 का प्रकाशन कर दिया है। अब 6 गांवों की जमीन की खरीद-फरोख्त पर रोक लग गई है। किसानों को जमीन के खसरा व रकबे में कोई गड़बड़ी है तो 60 दिन में सूरजपुर कलेक्ट्रेट आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद किसानों को मुआवजा बांटा जाएगा। साथ ही, निर्माण एजेंसी चुन कर जनवरी के लास्ट वीक में शिलान्यास किया जाएगा। जमीन अधिग्रहण से विस्थापित 1775 किसान परिवारों का पुनर्वास एवं पुनः व्यवस्थापना के लिए डिप्टी कलेक्टर जेवर को प्रशासक नियुक्त किया गया है। यूपी सरकार के प्रमुख सचिव एसपी गोयल की ओर से एयरपोर्ट के निर्माण के लिए शनिवार को 6 गांव रोही, पारोही, दयानतपुर, किशोरपुर, रन्हेरा आदि की 1334 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण करने के लिए धारा-11 का प्रकाशन करा दिया है।